हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
8 अप्रैल 2026, वैशाख कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत 2083, बरेली

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट

आईनेक्स्ट जनरेशन और एमडीसीए विजयी

बरेली, संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के आठवें और नौवें मुकाबले खेले गए। आठवें मुकाबले में आईनेक्स्ट जनरेशन ने जीका इलाहाबाद को हराया। वहीं नौवें मुकाबले में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमएसडीए) ने मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली को बड़े अंतर से मात दी।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार शाम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का आठवां मैच

खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि।

आईनेक्स्ट जनरेशन और जीका इलाहाबाद के बीच खेला गया। आईनेक्स्ट जनरेशन ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। इसके जवाब में जीका इलाहाबाद की टीम 18.4 ओवर में 126 रन ही बना सकी। नतीजा आईनेक्स्ट जनरेशन ने 101 रन से मैच जीत लिया। नौवां मैच ग्रुप- सी की टीम मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) और मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली के बीच हुआ। एमडीसीए के कप्तान प्रियम गर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 303 रन का बनाए। 303 रन का पीछा करने उतरी एमएसएसएफ की टीम बड़े लक्ष्य के दबाव में 14.1 ओवर में 94 रनों पर सिमट गई। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित भी किया।